# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक- 22 सितम्बर, 2025** **थाना साइबर क्राइम**

## साइबर फ्रॉड कर ठगी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से घटना में प्रयुक्त 04 डेबिट कार्ड व 01 मोबाइल फोन बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 21.09.2025 को वादी प्रशान्त वशिष्ठ पुत्र स्व0 त्रिभुवन वशिष्ठ निवासी टाटा कॉलौनी थाना पहासु जनपद बुलन्दशहर द्वारा ने साइबर थाना पर तहरीर दी कि लव कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी बडा गाँव थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर द्वारा दिनांक 05.08.2025 को उसके जन सेवा केन्द्र पर आकर 30000 हजार रुपये की जरुरत बताते हुये वादी से कैश प्राप्त कर यूपीआई के माध्यम से 30300 रुपये ट्रांसफर किये गये थे जो साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित होने पर थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर की शिकायत पर उसके खाते में होल्ड हो गये थे तथा दिनांक 21.09.2025 को लव कुमार उपरोक्त द्वारा पुनः 50000/- रुपये निकालने हेतु उसके जन सेवा केन्द्र पर आया वादी द्वारा लव कुमार को पहचान कर अपने साथी की मदद से साइबर क्राइम थाना बुलन्दशहर पर लाकर सूचित किया । इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना बुलन्दशहर पर मु0अ0सं0- 45/2025 धारा - 318(4) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया है।

उक्त के क्रम में साइबर थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त लव कुमार उपरोक्त को हिरासत में लेकर अभियुक्त के पास से चार डेविट कार्ड व 01 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में साइबर क्राइम थाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं। अबतक की जाँच में अभियुक्त के विभिन्न खातो में फ्रॉड की कुल धनराशि 8,06,188/- रुपये आना पाया गया है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि उसके साथी पवन कुमार व कृष्णपाल द्वारा साइबर फ्राड कर मेरे खातो में पैसे डलवाये जाते है जिन्हे में जन सेवा केन्द्र व अन्य माध्यमो से निकालकर अपना कमिशन काट कर पवन कुमार व कृष्णपाल को दे देता हूँ दिनांक 05.08.2025 को भी मेरे द्वारा प्रशान्त वशिष्ठ के जन सेवा केन्द्र पर जाकर 30300 रुपये कैश लेकर अपने खाते में आये साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित पैसे यू0पी0आई0 के माध्यम से प्रशान्त वशिष्ठ के खाते में ट्रांसफर कर दिये थे तथा दिनांक 21.09.2025 को पुनः अपने खाते में आये साइबर फ्राड के पैसो के कैश करने आया था तो जन सेवा केन्द्र वाले द्वारा मुझे पहचान लिया गया।**

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. लव कुमार पुत्र स्व0 सनील कुमार निवासी बडा गाँव थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर ।

### आपराधिक विवरणः-

1. शिकायत सं0 – 23709250055848 जिला रचाकोण्डा तेलांगना (धोखाधड़ी धनराशि – 4,24,200/-) खाता सं0 715010110014894 बैंक आफ इण्डिया
2. शिकायत सं0 – 31609250123694 जिला बैंगलोर सिटी कर्नाटका (धोखाधड़ी धनराशि – 2,55,299/-) खाता सं0 715010110014894 बैंक आफ इण्डिया
3. शिकायत सं0 – 31609250123683 जिला बैंगलोर सिटी कर्नाटका (धोखाधड़ी धनराशि – 50,000/-) खाता सं0 715010110014894 बैंक आफ इण्डिया

4. शिकायत सं0 – 23108250115853 थाना नई मण्डी जिला मुजफ्फरनगर उ0प्र0 (धोखाधड़ी धनराशि – 76,689/-) खाता सं0 100277499320 इण्डसइंड बैंक

## बरामदगी का विवरणः-

1. 04 डेबिट कार्ड विभिन्न बैंको के
2. 01 मोबाइल फोन

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री प्रभात कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम
2. निरीक्षक श्री विनोद कुमार
3. का0 पंकज कुमार







**मीडिया सेल, बुलंदशहर**